M.A Prayojanmoolak Hindi Patrakarita

Set No. 1 **Question Booklet No.**

16P/225/2

(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)

Roll No. | | | | | | | | | | |

Roll No. (Write the digits in words) ..... Code No (454) .....

Serial No. of OMR Answer Sheet .....

Day and Date ..... (2016) ..... (Signature of Invigilator)

INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on both sides of the **Answer Sheet**)

1. **Within 30 minutes** of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence **and that no page/question is missing.** In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators **immediately** to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall ***except the Admit Card without its envelope.***
3. ***A separate Answer Sheet is given. It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.***
4. Write your **Roll Number and Serial Number** of the Answer Sheet by pen in the space provided above.
5. ***On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.***
6. ***No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet no. and Set no. (if any) on OMR sheet and Roll No. and OMR sheet no. on the Question Booklet.***
7. ***Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfairmeans.***
8. ***Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.***
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed. If you do not wish to attempt a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero marks).*
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. **Deposit only OMR *Answer Sheet*** at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall **until** the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

Total No. of Printed Pages : 32 *[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण पृष्ठ पर दिये गए हैं।]*

ROUGH WORK

रफ़ कार्य

16P/225/2

No. of Questions : 150

प्रश्नों की संख्या : 150

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours ***Full Marks : 450***

समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे ***पूर्णाङ्क : 450***

Note : (1) Attempt as many questions as you can. Each question carries **3 (Three)** marks. ***One mark will be deducted for each incorrect answer.*** **Zero** mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न **3** (तीन) अंकों का है। *प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जायेगा।* प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक *शून्य* होगा।

(2) If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose the closest one.

यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।

01. श्रृंखला का अगला पद होग :

2,20,74,110, ?

(1) 182 (2) 110 (3) 120 (4) 160

02. 1:1 :: 25 : ?

(1) 27 (2) 29 (3) 50 (4) 625

03. 5 व्यक्तियों A,B,C,D और E के एक समूह में एक टेनिस खेलता है तथा एक हॉकी खेलता है। A तथा D अविवाहित महिलाएँ हैं और कोई खेल नहीं खेलतीं। इनमें एक जोड़ा है जिसमें E,C पति है। कोई भी महिला शतरंज या हॉकी नहीं खेलती। B,C का भाई है और वह न तो टेनिस खेलता है, न शतरंज। इनमें हॉकी का खिलाड़ी कौन है ?

(1) A (2) B (3) C (4) E

04. A,B,C,D,E तथा F ताश खेल रहे थें। A के माता-पिता तथा चाचा भी इस समूह में थे। इसमें दो महिलाएँ भी थीं। B,A की माता थी जिसने अपने पति से अधिक स्कोर बनाया। D ने E से अधिक किन्तु F से कम स्कोर बनाया। E के भतीजे का स्कोर सबसे कम रहा। A के पिता ने F से अधिक स्कोर बनाया,फिर भी वह खेल नहीं जीत सके। बताइए खेल किसने जीता ?

(1) E (2) B (3) C (4) F

05. निम्नलिखित मैट्रिक्स में X का मान क्या होगा ?

79	90	102
115	X	144
160	177	195

(1) 157 (2) 131 (3) 129 (4) 133

06. निम्नलिखित मैट्रिक्स में X का मान है :

0	3	8
15	24	35
48	X	80

(1) 66 (2) 64 (3) 84 (4) 63

07. प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे के मध्य कितनी बार घड़ी की दोनो सूइयाँ विपरीत दिशाओं में होंगी ?

(1) 12 (2) 16 (3) 20 (4) 24

08. अनीस 3 मार्च, 1980 को पैदा हुआ था। रवि उससे 4 दिन बड़ा है। यदि उस वर्ष गणतन्त्र दिवस शनिवार को पड़ा हो तो रवि का जन्मदिन किस दिन पड़ा ?

(1) बुधवार (2) बृहस्पतिवार

(3) शुक्रवार (4) रविवार

09. निम्नलिखित श्रृंखला को पूरा कीजिए :

APZLT, CQYNR, ERXPP, GSWRN, ?

(1) KVUUJ (2) JUUVK (3) ITVTL (4) KUUVJ

10. यदि दक्षिण-पूर्व उत्तर हो जाता है और उत्तर-पूर्व पश्चिम हो जाता है और इसी प्रकार अन्य दिशाएँ भी बदलती हैं तो पूर्व के लिए कौन-सी दिशा होगी ?

(1) उत्तर-पूर्व (2) दक्षिण

(3) दक्षिण-पश्चिम (4) दक्षिण-पूर्व

11. बच्चों की एक पंक्ति में दीपा बायीं ओर से 9 वीं तथा बिरला दायीं ओर से 13 वीं है। वे दोनों अपनी स्थिति बदल लेती हैं। दीपा बायीं ओर से 17 वीं हो जाती है, तो बिरला की नई स्थिति क्या होगी ?

(1) 20वीं (2) 21वीं (3) 25वीं (4) 27वीं

12. यदि LIGHT लिया जाता हैं, GILTH तो RAINY को उसी कूट भाषा में कैसे लिखेगें ?

(1) IARYN (2) NAIRY (3) ARINY (4) RINAY

13. अहमद, हामिद से बड़ा है। रवि उतना ही बड़ा है, जितना कि राकेश। आनन्द, शशि से छोटा है। शशि की आयु राकेश जितनी है। यदि हामिद, राकेश से बड़ा हो तो सबसे बड़ा तथा सबसे छोटा कौन है ?

(1) सूचना अपर्याप्त है (2) अहमद तथा रवि

(3) अहमद तथा राकेश (4) अहमद तथा आनन्द

14. एक आदमी अपने वेतन का 25% बचाता है। यदि महँगाई बढ़ने से उसका मासिक व्यय 25%बढ़ जाता है और वह फिर भी 25 रु. मासिक बचा लेता है तो उसका मासिक वेतन क्या है ?

(1) 400 ₹ (2) 500 ₹ (3) 600 ₹ (4) 650 ₹

15. Hydrometer, Lactometer तथा Manometer में क्या बात एक जैसी है ?

(1) वे माप की इकाइयाँ हैं (2) वे औजार हैं

(3) वे मापक हैं (4) वे भौतिकी में प्रयुक्त उपकरण हैं

16. गन्दगी और बीमारी में सर्वोचिक अन्तर है :

(1) पहली दूसरे की जन्मदाता है (2) कोई अन्तर नहीं

(3) पहली दूसरे का कारण है (4) पहली दूसरे की विलोम है

17. सोहन ने एक साइकिल 800₹ में खरीदी जिसमें 20% बिक्रीकर भी शामिल था। दुकानदार को प्राप्त असली विक्रय मूल्य बताइए।

(1) 600 ₹ (2) 666.66 ₹ (3) 900 ₹ (4) 1000 ₹

18. एक नाव की चाल स्थिर पानी में 10 किमी प्रति घण्टा है। बहाव की दिशा में 26 किमी जाने में तथा बहाव की विपरीत दिशा में 14 किमी जाने में उसे समान समय लगता है, तो पानी के बहाव के चाल की गणना कीजिए :

(1) 5 किमी/घंटा (2) 4.5 किमी/घंटा

(3) 4 किमी/घंटा (4) 3 किमी/घंटा

19. एक आदमी 1 ₹ के 10 अण्डे बेचता है और 20 %लाभ कमाता है, तो उसने 1 ₹ में कितने अण्डे खरीदे थे ?

(1) 12 (2) 10 (3) 14 (4) 15

20. एक मैदान में साँप तथा गिद्ध चूहों को दौड़ाते हैं। उसके बाद वहाँ कुत्ता भी आ जाता है। इसका तुरन्त परिणाम क्या होगा ?

(1) कुत्तों की संख्या में कमी (2) चूहों की संख्या में कमी

(3) साँपों की संख्या में कमी (4) गिद्धों की संख्या में कमी

21. भारत का राष्ट्रीय पंचांग किस संवत् पर आधारित है ?

(1) विक्रम संवत् (2) शक् संवत्

(3) कलि संवत् (4) दाक्षिणात्य संवत्

22. भारत के राष्ट्रीय ध्वज का डिजाइन किसने तैयार किया था ?

(1) मैडम भीखाजी कामा
(2) एनी बेसेंट
(3) विजयलक्ष्मी पण्डित
(4) सरोजनी नायडू

23. भारत में सिविल सेवाओं का सूत्रपात किसने किया ?

(1) लॉर्ड कर्जन
(2) लॉर्ड डलहौजी
(3) लॉर्ड कार्नवालिस
(4) लॉर्ड वेलेस्ली

24. अमेरिका में 'फ्री हिन्दुस्तान' अखबार का प्रकाशन किसने शुरू किया ?

(1) जी.डी.कुमार
(2) रामनाथ पुरी
(3) लाला हरदयाल
(4) तारकनाथ दास

25. निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम प्रेस सेंसरशिप लागू की थी ?

(1) हेस्टिंग्स
(2) वेलेस्ली
(3) डलहौजी
(4) जॉन एडम्स

26. निम्नलिखित महानुभावों में से कौन पत्रकार के कर्त्तव्य का निर्वहन करते हुए सबसे पहले जेल गया ?

(1) दादाभाई नौरोजी
(2) बाल गंगाधर तिलक
(3) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(4) मोती लाल घोष

27. निम्नलिखित में से किसने 'सुबहे आजादी' नामक कविता लिखी ?

(1) अबुल कलाम आजाद
(2) साहिर लुधियानवी
(3) फ़ैज अहमद फ़ैज
(4) मुहम्मद इकबाल

28. निम्नलिखित में से कौन मसविदा (प्रारूप) समिति का सदस्य नहीं था ?

(1) जवाहरलाल नेहरू
(2) के. एम. मुंशी
(3) मो. सदाउल्लाह
(4) गोपालस्वामी अयंगार

29. भारतीय संविधान के किस भाग को उसकी आत्मा की आख्या प्रदान की गयी है ?

(1) प्रस्तावना
(2) राज्य के नीति निर्देशक तत्त्व
(3) मौलिक अधिकार
(4) समस्त संविधान

30. भारतीय संविधान ने किस प्रकार के लोकतंत्र को अपनाया है ?

(1) सांविधानिक राजतंत्र
(2) लोकतांत्रिक राजतंत्र
(3) वंशानुगत गणतंत्र
(4) लोकतांत्रिक गणतंत्र

31. भारतीय संविधान कब अंगीकार किया गया था ?

(1) 26 जनवरी, 1950
(2) 26 जनवरी, 1949
(3) 15 अगस्त, 1950
(4) 26 नवम्बर, 1949

32. भारत का संविधान स्पष्टतः 'प्रेस की आजादी' की व्यवस्था नहीं देता, किन्तु यह आजादी अन्तर्निहित है :

(1) अनुच्छेद 14 में
(2) अनुच्छेद 17 में
(3) अनुच्छेद 19(i) अ में
(4) अनुच्छेद 31 में

33. 42 वें संशोधन द्वारा भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में मौलिक कर्त्तव्यों को जोड़ा गया है ?

(1) अनुच्छेद 51
(2) अनुच्छेद 51 A
(3) अनुच्छेद 29 B
(4) अनुच्छेद 41 C

34. संविधान का वह कौन- सा अनुच्छेद है, जिसके सत्तारूढ़ दल द्वारा सर्वाधिक दुरुपयोग की गूँज संसद के भीतर और बाहर सुनाई दी है :

(1) अनुच्छेद 370 (2) अनुच्छेद 360

(3) अनुच्छेद 352 (4) अनुच्छेद 356

35. भारतीय संविधान में समानता का अधिकार निम्नलिखित 5 अनुच्छेदों द्वारा प्रदान किया गया है :

(1) अनुच्छेद 14 से 18 (2) अनुच्छेद 15 से 19

(3) अनुच्छेद 16 से 20 (4) अनुच्छेद 22 से 26

36. किस वर्ष गोवा सहित अन्य पुर्तगाली बस्तियों को भारतीय संघ का राज्य क्षेत्र बनाया गया ?

(1) 1960 (2) 1961 (3) 1963 (4) 1962

37. निम्नलिखित में से कौन एक संघशासित प्रदेश नहीं है ?

(1) अरुणाचल प्रदेश (2) अंडमान-निकोबार द्वीप समूह

(3) पुडुचेरी (4) लक्षद्वीप

38. ऐसे सभी व्यक्ति जिसने ..... या उसके पश्चात् भारत में जन्म ग्रहण किया हो, उन्हें जन्मजात भारतीय नागरिक समझा जाएगा :

(1) 15 अगस्त, 1947 (2) 15 अगस्त, 1950

(3) 26 जनवरी, 1950 (4) 26 जनवरी, 1948

39. वर्तमान में भारतीय नागरिकों को कितने मौलिक अधिकार प्राप्त हैं ?

(1) 9 (2) 8 (3) 7 (4) 6

40. मौलिक अधिकारों के अन्तर्गत कौन-सा अनुच्छेद बच्चों के शोषण से सम्बन्धि है ?

(1) अनुच्छेद 17 (2) अनुच्छेद 19

(3) अनुच्छेद 23 (4) अनुच्छेद 24

41. निम्नलिखित में से कौन भारत में सांविधानिक अधिकार है, किन्तु मूलभूत अधिकार नहीं है ?

(1) सम्पत्ति का अधिकार

(2) शोषण के विरूद्व अधिकार

(3) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

(4) सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार

42. किसी भाषा को किसी राज्य की राजभाषा के रूप में अंगीकार करने का अधिकार किसे है ?

(1) संसद (2) राष्ट्रपति

(3) राज्य विधानमण्डल (4) राजभाषा आयोग

43. संविधान के 21 वें संशोधन द्वारा संविधान की आठवीं अनुसूची में कौन-सी भाषा सम्मिलित की गई ?

(1) अंग्रेजी (2) सिन्धी

(3) उर्दू (4) संस्कृत

44. निम्नलिखित में से किस भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है ? जबकि वह एक राज्य की राजकीय भाषा है :

(1) अंग्रेजी (2) सिन्धी

(3) उर्दू (4) संस्कृत

45. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में नहीं है ?

(1) उर्दू
(2) भोजपुरी
(3) नेपाली
(4) कोंकणी

46. संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध निम्नांकित में से किस भाषा के बोलने वाले सर्वाधिक हैं ?

(1) गुजराती
(2) तेलुगु
(3) बाङ्ला
(4) मराठी

47. ग्रीनविच रेखा से तात्पर्य है :

(1) 180^0 पूर्वी देशान्तर
(2) 180^0 पश्चिमी देशान्तर
(3) 0^0 अक्षांश
(4) 0^0 देशांतर

48. भारत में कितने मुख्य बन्दरगाह हैं ?

(1) 6 (2) 9 (3) 11 (4) 13

49. भारत में सबसे मन्द जनसंख्या वृद्धि दर वाले राज्य हैं।

(1) कर्नाटक एवं असम
(2) नगालैण्ड एवं केरल
(3) पंजाब व हरियाणा
(4) आन्ध्रप्रदेश व ओडिशा

50. जनसंख्या की दृष्टि से भारत के तीन सबसे छोटे राज्यों का सही क्रम हैं :

(1) मिजोरम, सिक्किम व अरूणाचल प्रदेश
(2) अरूणाचल प्रदेश, सिक्किम व मिजोरम
(3) सिक्किम, मिजोरम व अरुणाचल प्रदेश
(4) अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम व सिक्किम

51. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में स्त्री साक्षरता की दृष्टि से केरल के बाद किस राज्य का दूसरा स्थान है ?

(1) मिजोरम
(2) गोवा
(3) त्रिपुरा
(4) मेघालय

52. 'बिरहोर' का शाब्दिक अर्थ है :

(1) प्रकृति-प्रेमी आदमी
(2) जंगल का आदमी
(3) आम आदमी
(4) पवित्र आदमी

53. भारत की सर्वाधिक बड़ी जनजाति है :

(1) भील
(2) संथाल
(3) गोंड
(4) थारू

54. इस्लाम धर्म के प्रवर्तक मुहम्मद साहब का जन्म कहाँ हुआ था ?

(1) मक्का
(2) बगदाद
(3) मदीना
(4) तेहरान

55. बुद्ध के जीवन की किस घटना को 'महाभिनिष्क्रमण' के रूप में जाना जाता है ?

(1) उनका जन्म
(2) उनका महापरिनिर्वाण
(3) उनका गृहत्याग
(4) उनका प्रबोधन

56. निम्नलिखित में से नृत्य का शास्त्रीय रूप कौन-सा है ?

(1) भांगड़ा
(2) छऊ
(3) गिद्दा
(4) मणिपुरी

57. निम्नलिखित में से कौन-सा एक देवनृत्य है ?

(1) कथकली (2) कुचिपुड़ी

(3) भांगड़ा (4) मोहिनीअट्टम

58. 'तपस्यारत उमा', 'शिव-पार्वती', 'प्रणाम', 'बसन्त' इत्यादि किस सिद्ध चित्रकार की उत्कृष्ट कलाकृतियाँ हैं ?

(1) नन्दलाल बोस (2) मकबूल फिदा हुसैन

(3) जैमिनी रॉय (4) सतीश गुजराल

59. मूर्तिकाल की गान्धार स्कूल शैली किसका सम्मिश्रण थी ?

(1) भारतीय एवं ग्रीक शैली

(2) भारतीय एवं पर्शियन शैली

(3) मूलतः(शुद्ध)भारतीय

(4) भारतीय एवं दक्षिण-पूर्व एशियाई शैलियों का

60. चार वेदों में से किसमें वशीकरण, जादुईभाषा आदि का वर्णन है ?

(1) सामवेद (2) अथर्ववेद

(3) यजुर्वेद (4) ऋग्वेद

61. भारत गणराज्य का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य 'सत्यमेव जयते' कहाँ से उद्धृत है ?

(1) कठोपनिषद् (2) छान्दोग्योपनिषद्

(3) मुण्डकोपनिषद् (4) वृहदारण्यकोपनिषद्

62. निम्नलिखित में से किसे शैलकृत्य स्थापत्य का आश्चर्य माना जाता है ?

(1) बृहदेश्वर मंदिर - तंजावुर

(2) लिंगराज मंदिर - भुवनेश्वर

(3) कन्दारिया महादेव मंदिर - खजुराहो

(4) कैलास मंदिर - एलोरा

63. 'भारत में अंग्रेजी शिक्षा का मेग्नाकार्टा' किसे कहा जाता है ?

(1) मैकाले का विवरण-पत्र (1835)

(2) वुड डिस्पैच (1854)

(3) सन् (1813) का चार्टर

(4) ऑकलैण्ड का विवरण-पत्र (1839)

64. 'ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड' नामक कार्यक्रम कब शुरू किया गया ?

(1) 1990-91ई० (2) 1988-89 ई०

(3) 1987-88 ई० (4) 1986-87 ई०

65. 'केन्द्रीय अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा संस्थान' की स्थापना कहाँ की गई ?

(1) नई दिल्ली (2) बंगलुरू

(3) मुम्बई (4) हैदराबाद

66. निम्नलिखित में से किस राज्य में संस्कृत भाषा को राज्य की द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है ?

(1) उत्तर प्रदेश (2) कर्नाटक

(3) छत्तीसगढ़ (4) उत्तराखण्ड

67. प्राचीन भारत में निम्नलिखित में से कौन-सी लिपि दायीं से बायीं ओर लिखी जाती थी ?

(1) खरोष्ठी (2) ब्राह्मी

(3) देवनागरी (4) शारदा

68. भारत में 'डाक सूचकांक प्रणाली' की शुरूआत किस वर्ष हुई ?

(1) 1950 ई. (2) 1959 ई. (3) 1965 ई. (4) 1972 ई.

69. यदि पोस्टल इंडेक्स नम्बर (PIN) अंक 6 से शुरू हो, तो वह डाकघर संभवतः किस राज्य में स्थित होगा ?

(1) महाराष्ट्र
(2) कर्नाटक
(3) केरल
(4) आन्ध्र प्रदेश

70. प्राचीन ब्राह्मी लिपि के अर्थ-भेदन में सर्वप्रथम कौन समर्थ हुआ ?

(1) मैक्समूलर
(2) जेम्स प्रिन्सेप
(3) विलियम जोन्स
(4) चार्ल्स विलकिन्स

71. सम्पूर्ण विश्व में संचार का सबसे तेज और सस्ता साधन कौन-सा है ?

(1) ई-मेल
(2) स्नेल मेल
(3) फैक्स
(4) कोरियर सेवा

72. एक युवती झूले पर बैठी स्थिति में झूला झूल रही है। उस युवती के खड़े हो जाने पर दोलनों का आवर्त-काल :

(1) कम हो जाएगा
(2) अधिक हो जाएगा
(3) अपरिवर्तित रहेगा
(4) युवती की लम्बाई (Height) पर निर्भर करेगा

73. शरीर का वजन :

(1) पृथ्वी की सतह पर सभी जगह एक समान होता हैं
(2) ध्रुवों पर अधिकतम होता है
(3) मैदानी इलाके की तुलना में पहाड़ पर अधिक होता है
(4) विषुवत् रेखा पर अधिकतम होता है

74. एक व्यक्ति अपने घर की दीवार को धक्का देता है, पर उसे किंचित् विस्थापित करने में पूर्ण असफल होता है। ऐसी स्थिति में उसके द्वारा किया कार्य :

(1) ऋणात्मक कार्य

(2) धनात्मक, पर अधिकतम कार्य नहीं

(3) अधिकतम कार्य

(4) कोई कार्य नहीं

75. पानी से निकालने पर सेविंग ब्रश के बाल आपस में चिपक जाते हैं। इसका कारण है :

(1) श्यानता

(2) पृष्ठतनाव

(3) घर्षण

(4) प्रत्यास्थता

76. मनुष्यों के लिए मानक ध्वनि-स्तर है :

(1) 100 db (2) 120 db (3) 60 db (4) 90 db

77. एक वस्तु दो समानान्तर समतल दर्पणों के बीच रखी जाती है, तो बनने वाले प्रतिबिम्बों की संख्या होगी :

(1) 4

(2) ∞ (अनन्त)

(3) 2

(4) 1

78. निम्नलिखित में से कौन-सी वैज्ञानिक कम्प्यूटर भाषा है ?

(1) PASCAL

(2) BASIC

(3) FORTAN

(4) COBOL

79. किसी प्रोग्राम में 'बग' (Bug) क्या होता है ?

(1) Statement

(2) Error

(3) Signature

(4) Error एवं Signature दोनों

80. CRAY क्या है ?

(1) मिनी कम्प्यूटर (2) मेनफ्रेम कम्प्यूटर

(3) माइक्रो कम्प्यूटर (4) सुपर कम्प्यूटर

81. कम्प्यूटर की भाषा में एक मेगाबाइट में कितने बाइट होते है ?

(1) 100,000 (2) 10,00,000 (3) 10,24,000 (4) 10,48,576

82. कम्प्यूटर में बिल्ट परमानेंट मेमोरी को कहते हैं :

(1) RAM (2) ROM

(3) CPU (4) CD-ROM

83. DTP का पूर्ण रूप है :

(1) Daily Text Printing (2) Desk Top Publishing

(3) Desk Top Printing (4) Daily Text Publishing

84. OCR का पूर्ण रूप क्या है ?

(1) Optical Coding Recognizer

(2) Optical Character Recognition

(3) Ostensibly Characterized Reader

(4) Original Character Recognition

85. शब्दकोश में 'अँ' किस वर्ण से पहले आता है ?

(1) अ (2) आ

(3) अः (4) औ

86. शब्दकोश में 'ऋ' वर्ण किस वर्ण से पहले आता है ?

(1) ई
(2) ए
(3) क
(4) ऊ

87. 'तत्र+एव= तत्रैव' किस संधि का उदाहरण है ?

(1) यण सन्धि
(2) वृद्धि सन्धि
(3) अयादि सन्धि
(4) व्यञ्जन सन्धि

88. 'निः+रोग = नीरोग' किस संधि का उदाहरण है ?

(1) वृद्धि सन्धि
(2) व्यञ्जन सन्धि
(3) विसर्ग सन्धि
(4) अयादि सन्धि

89. 'व्यर्थ' का सन्धि-विच्छेद होगा :

(1) विः+अर्थ
(2) व्य+अर्थ
(3) वि+अर्थ
(4) व्य+र्थ

90. 'सन्निवेश' का संधि-विच्छेद होगा :

(1) स+निवेश
(2) सन्+निवेश
(3) सन्+विश
(4) सम्+निवेश

91. निम्नलिखित में से कौन बहुव्रीहि समास का उदाहरण है ?

(1) पीताम्बर
(2) चौराहा
(3) नेत्रहीन
(4) त्रिभुवन

92. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द उपसर्ग रहित है ?

(1) विदेश
(2) सुरेश
(3) संयोग
(4) अत्याधिक

93. किस नवीन शब्द की रचना प्रत्यय से हुई है ?

(1) व्यायाम (2) अभियोग

(3) अपमान (4) सेठानी

94. उस उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए जो अनेकार्थक शब्द 'जीमूत' के अर्थ को व्यक्त करता हो :

(1) शनि (2) गुरु

(3) इन्द्र (4) ब्रह्मा

95. 'अम्बक' शब्द के उस विकल्प का चयन कीजिए जो अनेकार्थक नहीं है ?

(1) पिता (2) नेत्र

(3) ताँबा (4) आम

96. 'विकसित' शब्द के उपयुक्ततम पर्यायवाची शब्द का चयन कीजिए :

(1) प्रफुल्ल (2) प्रसन्न

(3) उदित (4) उद्भज

97. 'ईप्सा' का सर्वाधिक उपयुक्त पर्यायवाची होगा :

(1) रूपसी (2) उत्कण्ठा

(3) लिप्सा (4) आकांक्षा

98. गुरु के समीप रहने वाला शिष्य कहलाएगा :

(1) गुरु-समीपी (2) अन्तःवासी

(3) अन्तेवासी (4) पुरावासी

99. 'उद्भिज्' के अर्थ को व्यक्त करने वाला सही विकल्प है :

(1) उदर से जन्म लेने वाला
(2) जल से उत्पन्न होने वाला
(3) पृथ्वी फोड़कर जन्म लेनेवाला
(4) पसीने से उत्पन्न होने वाला

100. 'सुवासिनी' शब्द के उपयुक्ततम अर्थ का चयन करने वाला विकल्प चुनिए :

(1) वह स्त्री,जिसका हाल ही में विवाह हुआ हो
(2) सौभाग्यशाली स्त्री
(3) ऐसी विवाहिता अथवा अविवाहित युवती जो अपने पिता के घर रह रही हो।
(4) वह स्त्री जो आसन्नप्रसवा हो

101. 'संशय' का उपयुक्त विलोम होगा :

(1) संशयरहित
(2) निश्चय
(3) निःसंशय
(4) सुनिश्चित

102. 'निशित-निशीथ' शब्दयुग्म के उपयुक्ततम अर्थ-विकल्प का चयन कीजिए :

(1) तीक्ष्ण-तलवार
(2) बाण-तलवार
(3) बाण-आधीरात
(4) तीक्ष्ण-रात

103. 'अब अधिकांश लोगों का यही विचार है।' वाक्य में अशुद्धि है।

(1) शब्द-निर्माण सम्बन्धी
(2) सर्वनाम सम्बन्धी
(3) विशेषण सम्बन्धी
(4) क्रिया सम्बन्धी

104. 'वे सब काल-चक्र के पहिए के नीचे पिस गए।' इस वाक्य में कौन-सा दोष है ?

(1) लिंग सम्बन्धी
(2) पुनरुक्ति सम्बन्धी
(3) लिंग-वचन सम्बन्धी
(4) क्रिया सम्बन्धी

105. 'शिक्षा मानव को ..... से मुक्त करती है और उसे संकीर्ण भावनाओं से ऊपर उठाती है।' उपयुक्त शब्द-चयन से रिक्त-स्थान की पूर्ति कीजिए :

(1) जड़ताओं (2) दोषों

(3) बन्धनों (4) विषमताओं

106. HIV क्या है ?

(1) परिवर्धन सूचकांक (2) प्रतिविषाणु

(3) विषाणु रोग (4) रोग लक्षणों का संयोजन

107. शतरंज का जन्मदाता देश किसे कहा जाता है ?

(1) रूस (2) भारत

(3) फ्रांस (4) संयुक्त राज्य अमेरिका

108. भारतीय क्रिकेट के स्तम्भ राहुल द्रविड़ का उपनाम है :

(1) द वाल (2) जेमी

(3) मिस्टर रिलायबुल (4) उपर्युक्त सभी

109. 'एस' (Ace) शब्द किस खेल से जुड़ा है ?

(1) लॉन टेनिस (2) बैडमिन्टन

(3) गोल्फ (4) टेबिल टेनिस

110. हॉकी के सार्वकालिक जादूगर मेजर ध्यानचन्द की आत्मकथा का नाम है :

(1) गोल (2) गोल्डन गोल

(3) माई साइड (4) गोल्डन हैटट्रिक

111. ओलम्पिक ध्वज पर अंकित पाँच छल्ले (Rings) किसके प्रतीक हैं ?

(1) पाँच राष्ट्रों के
(2) पाँच महासागरों के
(3) पाँच महाद्वीपों के
(4) प्रारम्भिक पाँच खेलों के

112. एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की महिला है ?

(1) कुंगा भाटिया
(2) बछेन्द्री पाल
(3) डिकी डोल्मा
(4) संतोष यादव

113. V.A.T. का विस्तृत रूप है :

(1) Value Added Tax
(2) Value Advance Tax
(3) Value and Tax
(4) Value Additional Tax

114. DVD का तात्पर्य है :

(1) Dynemic Versatile Disc
(2) Dynamic Video Disc
(3) Digital Video Disc
(4) Digital Versatile Disc

115. C.N.G. है :

(1) Cynoger Natural Gas
(2) Compressed Natural Gas
(3) Controlled Natural Gas
(4) Condensed Nitrogen Gas

116. संकेताक्षर F.I.R में अक्षर I किसका द्योतक है ?

(1) Intimation
(2) Information
(3) Illustration
(4) Indication

117. TRAI का पूर्ण रूप क्या है ?

(1) Trans Roadway Authority of India

(2) Transport and Roads Authority of India

(3) Telecom Regulatary Authority of India

(4) Telephone Regulatary Authority of India

118. SEZ पूर्ण रूप है :

(1) Special Economic Zone

(2) Small Economic Zone

(3) Social Economic Zone

(4) Service & Economic Zone

119. बैंकिंग लेन-देन में ECS का क्या अर्थ है ?

(1) Excess Credit Supervisor

(2) Extra Cash Status

(3) Electronic Clearing Service

(4) Exchange Clearing Standard

120. APEC का पूर्ण रूप क्या है ?

(1) Asia Pacific Economic Control

(2) Asia Pact for Enviornment Control

(3) Asia Pacific Econimic Co-operation

(4) Asia for Peace and Economic Co-operation

121. 'माइन कॉम्फ' का लेखक कौन है ?

(1) मैजिनी

(2) हिटलर

(3) मुसोलिनी

(4) बिस्मार्क

122. 'नील दर्पण' नाटक सम्बन्धित है :

(1) नील विद्रोह से
(2) चम्पारण सत्याग्रह से
(3) संथाल विद्रोह से
(4) पवना विद्रोह से

123. इनमें से कौन-सा सुमेलित नहीं है ?

(1) रोमांसिंग विथ लाइफ-देवानन्द
(2) ब्लासम फ्रॉम द डस्ट-आर.के.पचौरी
(3) लज्जा-तसूलीमा नसरीन
(4) एशियन ड्रामा-विक्रम सेठ

124. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (लेखक एवं पुस्तक) सुमेलित है ?

(1) मीनू मसानी-द स्ट्रगल फॉर पीस
(2) सुनील गावस्कर-क्रिकेट माई स्टाइल
(3) हिलेरी क्लिन्टन- लिविंग हिस्ट्री
(4) डोमिनिक लेपियर-मिथ ऑफ महात्मा

125. निम्नलिखित पत्रकारों में से किसने अपनी आत्मकथा 'लखनऊ ब्वाय' शीर्षक से लिखी है ?

(1) आलोक मेहता
(2) विनोद मेहता
(3) प्रीतीश नंदी
(4) नरेन्द्र मोहन

126. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-एक सही सुमेलित नहीं है ?

(1) कर्पूरमंजरी-हर्ष (2) सौन्दरानन्द-अश्वघोष

(3) मुद्रराक्षस-विशाखदत्त (4) मालविकाग्निमित्रम्-कालिदास

127. किस देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति के नाम से रैमन मैग्सेसे पुरस्कार सम्बन्धित है ?

(1) थाईलैण्ड (2) फिलीपींस

(3) इण्डोनेशिया (4) मलेशिया

128. निम्नलिखित में से किसका/किनका सम्पादन भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने किया ?

(1) कविवचन सुधा (2) हरिश्चन्द्र मैगजीन

(3) बाला-बोधिनी पत्रिका (4) उपर्युक्त सभी

129. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' का सम्पादन-भार कब अपने हाथों में लिया ?

(1) सन् 1902 (2) सन् 1904 (3) सन् 1906 (4) सन् 1907

130. 'नंदन' पत्रिका का प्रकाशन कब प्रारम्भ हुआ ?

(1) 1960 (2) 1964 (3) 1970 (4) 1974

131. सन् 1922 में प्रकाशित 'सोशलिस्ट' समाचार पत्र के सम्पादक कौन थे ?

(1) एस.सदानन्द (2) सच्चिदानन्द सिन्हा

(3) एस.ए.डांगे (4) मोतीलाल नेहरू

132. दैनिक 'जनसत्ता' निम्नलिखित में से किस शहर से प्रकाशित नहीं होता ?

(1) दिल्ली (2) रायपुर

(3) मुम्बई (4) कोलकाता

133. निम्नलिखित में से कौन मलयालम का दैनिक पत्र नहीं है ?

(1) मलयाला मनोरमा (2) मंगलम

(3) केरल कौमुदी (4) मातृभूमि

134. रजिस्ट्रार ऑफ न्यूजपेपर्स (RNI) की स्थापना किस सन् में हुई ?

(1) 1942 (2) 1956 (3) 1961 (4) 1971

135. मालवा अखबार किन भाषाओं में छपता था ?

(1) हिन्दी तथा बाङ्ला (2) फ़ारसी तथा नागरी

(3) हिन्दी तथा अंग्रजी (4) हिन्दी तथा उर्दू

136. किस भाषा में 'इंडियन ओपिनियन' का प्रकाशन नहीं होता था ?

(1) हिन्दी (2) अंग्रेजी

(3) उर्दू (4) गुजराती

137. 'Cub Reporter' किसे कहते हैं ?

(1) नगर संवाददाता (2) नौसिखिया संवाददाता

(3) विशेष संवाददाता (4) विदेश संवाददाता

138. हिन्दी पत्रकारिता का विकास-काल माना जाता है :

(1) वर्ष 1868-1900 ई. (2) वर्ष 1840-1875 ई.

(3) वर्ष 1850-1900 ई. (4) वर्ष 1828-1840 ई.

139. किसी समाचार पत्र के सम्पादक का व्यक्तित्व किस पृष्ठ पर मुखरित होता है ?

(1) खेल पृष्ठ (2) मुख पृष्ठ

(3) सम्पादकीय पृष्ठ (4) स्थानीय समाचार पृष्ठ

140. 'लेबल हेड' किस प्रकार के शीर्षक को कहते हैं ?

(1) समाचार के सर्वथा अनुकूल (2) अत्यधिक आकर्षक

(3) समाचार से बेमेल (4) नीरस एवं प्राणहीन

141. निम्नलिखित में से कौन समाचार-शीर्षक की महत्वपूर्ण विशेषता नहीं है ?

(1) जीवंतता (2) पैनापन

(3) संक्षिप्तता (4) साहित्यिकता

142. 'स्लग' का क्या अभिप्राय है ?

(1) ढीले-ढाले बेजान समाचार

(2) समाचार-सूत्र

(3) एक ही तरह के समाचार

(4) किसी समाचार के एक से अधिक भाग होने पर उसके शीर्ष पर दिया गया संकेत

143. 'जर्नल' शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच भाषा के किस शब्द से हुई है ?

(1) जनरल (2) जर्नल

(3) जर्नी (4) जेनरली

144. किस विधा के माध्यम से नीरस विषय को रोचक बनाकर प्रस्तुत किया जाता है ?

(1) लेख (2) सम्पादकीय लेख

(3) फ़ीचर (4) अग्रलेख

145. पत्रकारिता में छह ककार (5w,1H) समाचार के किस भाग से सम्बन्धित है ?

(1) शीर्षक (2) इंट्रो

(3) स्टोरी (4) मेकअप

146. राष्ट्रीय एकता पर बनी सर्वोत्तम फीचर फिल्म को किस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है ?

(1) इन्दिरा गाँधी पुरस्कार (2) नरगिस दत्त पुरस्कार

(3) देविका रानी पुरस्कार (4) दादा साहब फाल्के पुरस्कार

147. भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से पुरस्कृत सर्वप्रथम साहित्यकार हैं :

(1) जी. शंकर कुरूप (2) के. वी. पुटप्पा

(3) ताराशंकर वंद्योपाध्याय (4) उमाशंकर जोशी

148. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित किस भाषा के लिए सन् 2011 तक ज्ञानपीठ पुरस्कार नहीं दिया गया ?

(1) संस्कृत (2) सिन्धी

(3) कश्मीरी (4) कोंकणी

149. किसने 36 बार ऑस्कर पुरस्कार जीता ?

(1) एल्फ्रेड हिचकॉक (2) चार्ली चेपलिन

(3) आकिरो कुरोसावा (4) वाल्ट डिजनी

150. शान्तिस्वरूप भटनागर पुरस्कार दिए जाते हैं :

(1) पर्यावरण मुद्दों पर जनचेतना निर्माण के लिए।

(2) उत्कृष्ट फिल्म निर्देशन के लिए।

(3) विज्ञान में उत्कृष्ट योगदान के लिए।

(4) भारतीय भाषाओं में सर्जनात्मक लेखन के नव आयामों की खोज के लिए।

ROUGH WORK
रफ़ कार्य

अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली-काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखें)

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 30 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष-निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
2. परीक्षा भवन में *लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,* लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।
3. *उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा। केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।*
4. अपना अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से निर्धारित स्थान पर लिखें।
5. *उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।*
6. *ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्नपुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्नपुस्तिका पर अनुक्रमांक और ओ० एम० आर० पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।*
7. *उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।*
8. *प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिए आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।*
9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।
10. *ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो संबंधित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।*
11. रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अंदर वाला पृष्ठ तथा उत्तर-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ का प्रयोग करें।
12. परीक्षा के उपरान्त केवल **ओ एम आर उत्तर-पत्र** परीक्षा भवन में जमा कर दें।
13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की, भागी होगा/होगी।